Downloaded From : http://cbseportal.com/

## PART—III / भाग—III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Directions* :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61.** In the EVS syllabus, structured around six themes, 'plants' and 'animals' have consciously been included in the theme : 'Family and Friends'. All of the following could be cited as reasons for this inclusion, **except one.** Which one is that?

(1) To help students to locate plants and animals in a social and cultural context

(2) To highlight how humans share a close relationship with each other

(3) To highlight how lives and livelihoods of some communities are closely connected with specific animals or plants

(4) To enable students to understand plants and animals from a science perspective

**62.** The purpose of 'survey' in teaching-learning of EVS is :

A. to provide an opportunity to interact with community

B. to make children sensitive to different people

C. to provide an opportunity to collect information first-hand

D. to use it as an opportunity for assessment

Which of the above are **correct**?

(1) A, B, C and D

(2) A, B and C

(3) A, B and D

(4) A, C and D

***निर्देश* :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**61.** पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम, जिसे छह उप-विषयों के चतुर्दिक निर्मित किया गया है, में 'पौधे' और 'पशु' को जानबूझकर 'परिवार और मित्र' उप-विषय के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। इसके लिए निम्नलिखित में से **एक कारण को छोड़कर** शेष सभी कारण हो सकते हैं। वह एक कारण कौन-सा है?

(1) सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में पौधों और पशुओं के स्थान निर्धारित करने में विद्यार्थियों को सहायता करना

(2) इस बात को उभारना कि किस प्रकार मनुष्य एक-दूसरे से घनिष्ठ संबंधों को साझा करते हैं

(3) इस बात को उभारना कि किस प्रकार कुछ समुदायों के जीवन और आजीविकाएँ विशेष पशुओं या पौधों से घनिष्ठ रूप से जुड़े हैं

(4) विद्यार्थियों को विज्ञान के दृष्टिकोण से पौधों और पशुओं को समझने में सक्षम बनाना

**62.** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण-अधिगम में 'सर्वेक्षण' का उद्देश्य है :

A. समुदाय के साथ अन्योन्यक्रिया का अवसर प्रदान करना

B. बच्चों को विभिन्न लोगों के प्रति संवेदनशील बनाना

C. सूचना को प्रत्यक्ष प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना

D. आकलन के एक अवसर के रूप में इसका उपयोग करना

उपर्युक्त में से कौन-से **सही** हैं?

(1) A, B, C और D

(2) A, B और C

(3) A, B और D

(4) A, C और D



Downloaded From : http://cbseportal.com/

Courtesy : CTET

Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

***Directions :*** Q. Nos. **63** to **65** are based on the following paragraph.

Given are responses of 7–8 years old children after they have observed an experiment done by the teacher, in which water in a bowl is heated and it has evaporated :

"Water has disappeared."
"The bowl has absorbed the water."
"The fire drank the water."
"God drank the water."

**63.** What do these responses tell us about children and their thinking?

(1) Children's responses are illogical.

(2) Children's thinking is incorrect.

(3) Children cannot make a good observation.

(4) Children have alternate ideas about evaporation.

**64.** How should the teacher deal with these responses?

(1) Show the standard water cycle chart.

(2) Give the definition of evaporation and ask the children to memorize it.

(3) Initiate a discussion to revisit their ideas.

(4) Tell the children that they are wrong.

**65.** Which of the following is an example of a question assessing divergent thinking of children on the topic, 'evaporation'?

(1) What will happen if there is no water cycle?

(2) List the steps in sequence of water cycle.

(3) Draw and label water cycle.

(4) Write five advantages of water cycle.

***निर्देश :*** प्रश्न सं० **63** से **65** निम्नलिखित अवतरण पर आधारित हैं।

शिक्षक द्वारा प्रदर्शित एक कटोरे में पानी उबालने और उसका वाष्पीकरण हो जाने के प्रयोग को देखने के बाद 7–8 वर्ष के बच्चों के द्वारा दिए गए उत्तर इस प्रकार हैं :

''पानी गुम हो गया।''
''कटोरे ने पानी सोख लिया।''
''आग ने पानी पी लिया।''
''भगवान ने पानी पी लिया।''

**63.** ये उत्तर बच्चों और उनके विचारों के बारे में क्या बताते हैं?

(1) बच्चों के उत्तर तर्कसंगत नहीं हैं।

(2) बच्चों की सोच ग़लत है।

(3) बच्चे अच्छा अवलोकन नहीं कर पाते।

(4) वाष्पीकरण के बारे में बच्चों के विकल्पी विचार हैं।

**64.** शिक्षक को इन उत्तरों का सामना किस प्रकार करना चाहिए?

(1) जलचक्र का एक मानक चार्ट प्रदर्शित करें।

(2) वाष्पीकरण की परिभाषा दें और बच्चों को उसे याद रखने के लिए कहें।

(3) उनके विचारों तक पुनः पहुँचने के लिए एक चर्चा प्रारंभ करें।

(4) बच्चों को बता दें कि वे ग़लत हैं।

**65.** 'वाष्पीकरण' विषय पर बच्चों की विविध सोच का आकलन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न एक नमूना हो सकता है?

(1) क्या होता यदि जलचक्र होता ही नहीं?

(2) जलचक्र के क्रम के सोपानों की सूची बनाइए।

(3) जलचक्र का आरेख बनाइए और उसे नामित कीजिए।

(4) जलचक्र के पाँच लाभ लिखिए।



Downloaded From : http://cbseportal.com/　　Courtesy : CTET
Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

66. Which of the following are the neighbouring states of Jammu & Kashmir?

(1) Himachal Pradesh, Punjab

(2) Himachal Pradesh, Uttar Pradesh

(3) Uttarakhand, Rajasthan

(4) Himachal Pradesh, Uttarakhand

67. Match each of the locations with correct description of common houses built in that area :

| Locations | | Houses | |
|---|---|---|---|
| (a) | Manali | (i) | Elevated houses made on bamboo pillars |
| (b) | Rajasthan | (ii) | Houses made of stones/wood with slanting roofs |
| (c) | Assam | (iii) | Houseboats |
| (d) | Ladakh | (iv) | Mud houses having roofs made of thorny bushes |
| | | (v) | Houses made of stones with wooden floor and wooden ceiling |

(1) a b c d<br>ii v i iv

(2) a b c d<br>ii iv i v

(3) a b c d<br>iii iv i v

(4) a b c d<br>iv i ii iii

66. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य जम्मू और कश्मीर के पड़ोसी राज्य हैं?

(1) हिमाचल प्रदेश, पंजाब

(2) हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश

(3) उत्तराखंड, राजस्थान

(4) हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड

67. प्रत्येक स्थान के नाम के साथ उस क्षेत्र में बनाए जाने वाले सामान्य घरों के सही विवरण का मिलान कीजिए :

| स्थान | | घर | |
|---|---|---|---|
| (a) | मनाली | (i) | बाँस के खंभों पर बने ऊँचे उठे हुए घर |
| (b) | राजस्थान | (ii) | पत्थर या लकड़ी से बने ढालू छतों वाले घर |
| (c) | असम | (iii) | हाउसबोट |
| (d) | लद्दाख | (iv) | मिट्टी के घर जिनकी छतें कँटीली झाड़ियों से छाई होती हैं |
| | | (v) | पत्थर के बने घर जिनके फर्श और छतें लकड़ी की बनी होती हैं |

(1) a b c d<br>ii v i iv

(2) a b c d<br>ii iv i v

(3) a b c d<br>iii iv i v

(4) a b c d<br>iv i ii iii



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET
Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

68. The different patterns on the skin of animals are :

(1) an indication of their physical strength

(2) due to the reflected light

(3) due to the hair on their skin

(4) due to the weather conditions they live in

69. "People who have been living in the forest for at least 25 years have a right to the forestland and what is grown on it." This is mandated by :

(1) the Indian Forest Act, 1927

(2) the Right to Forest Act, 2007

(3) the Land Acquisition Act, 1894

(4) the Constitution (Scheduled Castes) Orders (Amendment) Bill, 2012

70. Which of the following is a set of diseases spread by mosquitoes?

(1) Malaria, HIV-AIDS, Dengue

(2) HIV-AIDS, Cholera, Dengue

(3) Dengue, Malaria, Chikungunya

(4) Typhoid, Cholera, Chikungunya

71. Pitcher plant (*Nepenthes*) :

(1) is not found in India

(2) cleverly traps and eats frogs, insects and mice

(3) emits sounds of high pitch to attract insects

(4) has mouth covered with tiny hooks

68. पशुओं की त्वचा पर विविध पैटर्न (डिज़ाइन) :

(1) उनकी शारीरिक शक्ति को इंगित करते हैं

(2) परावर्तित प्रकाश के कारण होते हैं

(3) उनकी त्वचा पर बालों के कारण होते हैं

(4) उस जलवायु के कारण होते हैं जिसमें वे रहते हैं

69. "जो व्यक्ति जंगल में कम-से-कम 25 वर्षों से रह रहे हैं उनका उस जंगल-भूमि पर और उसमें पैदा होने वाली वस्तुओं पर अधिकार है।" यह जनादेश किसके द्वारा दिया गया है?

(1) भारतीय जंगल अधिनियम, 1927

(2) जंगल अधिकार अधिनियम, 2007

(3) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894

(4) संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2012

70. निम्नलिखित में से मच्छरों द्वारा फैलने वाले रोगों का समुच्चय कौन-सा है?

(1) मलेरिया, एच० आइ० वी०-एड्स, डेंगू

(2) एच० आइ० वी०-एड्स, हैज़ा, डेंगू

(3) डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया

(4) मियादी बुखार, हैज़ा, चिकुनगुनिया

71. घटपर्णी पौधा (*नीपेन्थीस*) :

(1) भारत में नहीं पाया जाता है

(2) मेंढकों, कीड़े-मकोड़ों और चूहों को चालाकी से फँसाकर खा जाता है

(3) कीड़े-मकोड़ों को आकर्षित करने के लिए उच्च तारत्व की ध्वनियाँ निकालता है

(4) का मुँह छोटी-छोटी कँटियों से ढका होता है

[ P.T.O.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET
Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**72.** Which of the following sets of eatables is rich in iron?

(1) Amla, Spinach, Potato

(2) Amla, Potato, Tomato

(3) Cabbage, Okra, Jaggery

(4) Amla, Spinach, Jaggery

**73.** Almost in every part of our country, chillies are added while cooking food. Chillies were brought to our country by the traders who came from :

(1) South America

(2) Afghanistan

(3) Australia

(4) Uzbekistan

**74.** Which of the following birds makes its nest among the thorns of a cactus plant?

(1) Weaverbird

(2) Robin bird

(3) Dove

(4) Sunbird

**75.** Read the following description of an animal and identify it :

"It looks like a bear but it is not. It spends almost 17 hours a day sleeping while hanging upside down on a tree branch. It eats the leaves of the same tree on which it lives. It lives for about 40 years."

(1) Chimpanzee

(2) Panda

(3) Sloth

(4) Langur

**72.** नीचे दिए गए खाद्य पदार्थों के किस समुच्चय में लौह तत्त्व प्रचुर मात्रा में होता है?

(1) आँवला, पालक, आलू

(2) आँवला, आलू, टमाटर

(3) बंदगोभी, भिण्डी, गुड़

(4) आँवला, पालक, गुड़

**73.** हमारे देश के लगभग सभी भागों में मिर्च का उपयोग भोजन पकाने में किया जाता है। हमारे देश में मिर्च को लाने वाले व्यवसायी आए थे :

(1) दक्षिण अमेरिका से

(2) अफगानिस्तान से

(3) ऑस्ट्रेलिया से

(4) उज़्बेकिस्तान से

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी कैक्टस पौधे के काँटों के बीच अपना घोंसला बनाता है?

(1) बया

(2) कलचिड़ी

(3) फ़ाख़्ता

(4) शकरखोरा

**75.** किसी पशु के विषय में नीचे दिए गए विवरण को पढ़िए और उस पशु को पहचानिए :

''यह भालू जैसा दिखता है परन्तु भालू नहीं है। यह दिन के लगभग 17 घंटे वृक्षों की शाखाओं से उल्टे लटककर सोता है। यह जिस वृक्ष पर रहता है उसी की पत्तियाँ खाता है। यह लगभग 40 वर्षों तक जीवित रहता है।''

(1) चिम्पैन्ज़ी

(2) पैन्डा

(3) स्लॉथ

(4) लंगूर



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

76. Which of the following groups of animals has excellent sight and can see things four times more than humans?

(1) Snakes, Silkworms, Lizards

(2) Kites, Eagles, Vultures

(3) Bees, Mosquitoes, Butterflies

(4) Tigers, Leopards, Bulls

77. Read the given description of farming and identify its type :

"After cutting one crop, the land is left as it is for some years. Nothing is grown there. The bamboos or weeds which grow on that land are not pulled out. They are cut and burnt. The ash makes the land fertile. When the land is ready for farming it is lightly dug up, not ploughed. Seeds are dropped on it."

(1) Jhoom farming

(2) Step farming

(3) Irrigation farming

(4) Cooperative farming

78. When a snake charmer plays on his musical instrument *Been*, the snake swings its head to and fro to its sound. How do you think the snake responds to the musical instrument?

(1) By smelling the instrument

(2) By hearing the sound produced by the instrument

(3) By seeing the movement of the instrument

(4) By responding to the vibrations produced by the instrument

76. नीचे दिए गए जीवों के समूहों में से किनकी दृष्टि श्रेष्ठ होती है तथा वे मनुष्यों की तुलना में चार गुनी अधिक दूरी की वस्तुओं को देख सकते हैं?

(1) साँप, रेशम-कीट, छिपकली

(2) चील, गरुड़, गिद्ध

(3) मधुमक्खी, मच्छर, तितली

(4) बाघ, तेंदुआ, साँड़

77. नीचे दिए गए खेती करने के विवरण को पढ़िए और इस ढंग की पहचान कीजिए :

''एक फसल को काटने के पश्चात् खेत को कुछ वर्षों के लिए खाली छोड़ दिया जाता है। उसमें कुछ भी नहीं उगाया जाता है। इस भूमि में बाँस या अन्य खरपतवार, जो भी कुछ उग आता है, उन्हें उखाड़ा नहीं जाता, काटकर जला दिया जाता है। यह राख भूमि को उर्वर बनाती है। जब यह भूमि खेती के लिए तैयार हो जाती है, तब उसे हल्का-सा खोदा जाता है, भूमि को जोता नहीं जाता और उस पर बीज छिड़क दिए जाते हैं।''

(1) झूम खेती

(2) सीढ़ीनुमा खेती

(3) सिंचाई खेती

(4) सहकारी खेती

78. जब कोई सँपेरा अपने वाद्य यंत्र बीन को बजाता है, तो साँप उसकी ध्वनि पर अपने सिर को इधर-उधर घुमाता है। आपके विचार से साँप वाद्य यंत्र के प्रति अनुक्रिया कैसे कर रहा है?

(1) उस वाद्य यंत्र को सूँघकर

(2) उस वाद्य यंत्र की ध्वनि को सुनकर

(3) उस वाद्य यंत्र की गति को देखकर

(4) उस वाद्य यंत्र द्वारा उत्पन्न कम्पनों के प्रति अनुक्रिया करके



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

79. "A family is a unit consisting of mother, father and their two children." This statement is :
(1) incorrect, because there are many kinds of families and one cannot classify family as being of only one kind
(2) correct, since this is an ideal family size
(3) correct, because this is what all Indian families are like
(4) incorrect, because the statement should specify that the children are biological

80. The gastric juice in the stomach of human beings is _____ and aids in the digestion of food.
(1) neutral
(2) acidic
(3) alkaline
(4) amphoteric

81. A teacher of Class III had asked children to classify the leaves of the following trees/plants into different groups—lemon, mango, basil, mint, neem, banana, etc. Some students classified leaves as *(a)* leaves with medicinal values and leaves without medicinal values, *(b)* big leaves and small leaves. The teacher marked group *(a)* as right and group *(b)* as wrong.

Which of the following statements reflects the teacher's view of learning and assessment?
(1) Children bring multiple perspectives in classroom which is to be appreciated.
(2) Children can use multiple ways of classification depending upon their experiences.
(3) Classification task is very specific and structured and there is one right answer.
(4) The activity is focussed to seek information from leaves which can be interpreted differently.

79. ''परिवार एक इकाई होता है जिसमें माँ, पिता और उनके दो बच्चे होते हैं।'' यह कथन :
(1) सही नहीं है, क्योंकि परिवार कई प्रकार के होते हैं तथा परिवार का केवल एक ही प्रकार में वर्गीकरण नहीं किया जा सकता
(2) सत्य है, क्योंकि यह किसी आदर्श परिवार का आकार है
(3) सत्य है, क्योंकि सभी भारतीय परिवार इसी प्रकार के होते हैं
(4) सही नहीं है, क्योंकि इस कथन में यह स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चे जैविक होते हैं

80. मानवों के पेट में आमाशय रस की प्रकृति _____ होती है और वह भोजन के पाचन में सहायता करता है।
(1) उदासीन
(2) अम्लीय
(3) क्षारीय
(4) उभयधर्मी

81. कक्षा III के एक शिक्षक ने अपने बच्चों को निम्नलिखित पेड़ों/पौधों की पत्तियों को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत करने को कहा जैसे—नींबू, आम, तुलसी, पुदीना, नीम, केला आदि। कुछ विद्यार्थियों ने पत्तियों का वर्गीकरण इस प्रकार किया—*(a)* दवाओं के गुणों वाली पत्तियाँ और दवाओं के गुण से रहित पत्तियाँ, *(b)* बड़ी पत्तियाँ और छोटी पत्तियाँ। शिक्षक ने समूह *(a)* को सही माना और समूह *(b)* को गलत।

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन अधिगम और आकलन के प्रति शिक्षक के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है?
(1) बच्चे बहुत प्रकार के संदर्भों को कक्षा में ले आते हैं, जिसकी सराहना होनी चाहिए।
(2) अपने अनुभवों पर निर्भर करते हुए बच्चे वर्गीकरण के बहुत-से तरीकों का उपयोग कर सकते हैं।
(3) वर्गीकरण का काम बहुत विशिष्ट और स्तरीकृत है तथा इसका एक ही सही उत्तर होता है।
(4) यह क्रियाकलाप पत्तियों से सूचना ग्रहण करने पर केंद्रित है, जिसका भिन्न अर्थ लगाया जा सकता है।



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET
Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**82.** Which among the following considerations would you keep in mind while designing a group activity in your EVS class?

A. Engage the interests of the children.

B. Appeal equally to boys and girls.

C. Use expensive material.

D. Appeal to children of all religious and cultural backgrounds.

(1) A, B and D

(2) A, C and D

(3) B and D

(4) B and C

**83.** All of the following statements provide arguments in favour of teachers and students to collectively engage in group activities in EVS, **except one**. Which is that statement?

(1) Children learn more by talking and discussing with other children.

(2) Children show marked improvement in scores because of group activities.

(3) Adult support can help children construct knowledge beyond their ability.

(4) Children learn to collaborate and cooperate.

**84.** Which of the following tools will be appropriate for assessing social-personal qualities of children engaged in learning EVS through group work?

(1) Paper-pencil tests

(2) Oral questions

(3) Rating scales

(4) Assignments

**82.** पर्यावरण अध्ययन की अपनी कक्षा में समूह क्रियाकलाप का निर्माण करते हुए आप निम्नलिखित विचारों में से किनका ध्यान रखेंगे?

A. बच्चों की रुचियों का ध्यान हो।

B. लड़कों और लड़कियों को समान रूप से रुचिकर लगे।

C. इसमें मूल्यवान सामग्री लगी हो।

D. सभी धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बच्चों को रुचिकर लगे।

(1) A, B और D

(2) A, C और D

(3) B और D

(4) B और C

**83.** निम्नलिखित सभी कथन पर्यावरण अध्ययन में सामूहिक रूप से क्रियाकलापों में संलग्न शिक्षकों और विद्यार्थियों के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करते हैं, केवल **एक कथन को छोड़कर**। वह कथन कौन-सा है?

(1) बच्चे दूसरे बच्चों से बात और बहस करने से अधिक सीखते हैं।

(2) समूह क्रियाकलापों की वजह से बच्चे अंक उपलब्धि में अच्छा सुधार प्रदर्शित करते हैं।

(3) प्रौढ़ों के समर्थन से बच्चों को अपनी क्षमता से अधिक ज्ञान के निर्माण में सहायता मिल सकती है।

(4) बच्चे परस्पर सामंजस्य और सहयोग करना सीखते हैं।

**84.** समूह कार्य से पर्यावरण अध्ययन कर रहे बच्चों की सामाजिक-वैयक्तिक विशेषताओं के आकलन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होगा?

(1) कागज़-पेंसिल परीक्षण

(2) मौखिक प्रश्न

(3) निर्धारण मापनियाँ

(4) दत्तकार्य

[ P.T.O.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**85.** Following are some intuitive ideas of children about plants. Which of them is scientifically **correct**?

(1) Seeds are not parts of a plant.

(2) Carrot and cabbage are not plants.

(3) Grass is not a plant.

(4) Some vegetables are fruits.

**86.** A teacher of Class IV told her students—"Ask some old people if there were plants they had seen when they were young but are not seen these days."

Which of the following skills is **not** likely to be assessed by asking this question?

(1) Questioning

(2) Expression

(3) Experimentation

(4) Discussion

**87.** A teacher asks every child to use some waste material from their homes and make something useful out of it.

The pedagogical intention of the teacher is **not** to :

(1) judge the best student of the class

(2) develop creativity among children

(3) make children understand the concept of recycle, reuse and reduce

(4) organize an exhibition of best articles made out of waste

**85.** नीचे पौधों के बारे में बच्चों के कुछ सहजानुभूत विचार दिए गए हैं। इनमें से कौन-सा विचार वैज्ञानिक दृष्टि से **ठीक** है?

(1) बीज किसी पौधे का हिस्सा नहीं होते।

(2) गाजर और बंदगोभी पौधे नहीं हैं।

(3) घास पौधा नहीं है।

(4) कुछ सब्जियाँ फल होती हैं।

**86.** कक्षा IV की एक शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों से कहा—"कुछ वयोवृद्ध लोगों से यह पूछिए कि जब वे जवान थे तो क्या उन्होंने कुछ ऐसे पौधे देखे थे जो आजकल नहीं दिखाई पड़ते।"

उपर्युक्त प्रश्न के पूछे जाने पर निम्नलिखित में से किस कौशल के आकलन की संभावना **नहीं** है?

(1) प्रश्न पूछना

(2) अभिव्यक्ति

(3) प्रयोग

(4) चर्चा

**87.** एक शिक्षक प्रत्येक बच्चे को अपने घरों की रद्दी-सामग्री से कुछ उपयोगी वस्तु बनाने को कहता है। शिक्षक का शैक्षिक अभिप्राय **नहीं** है :

(1) कक्षा के श्रेष्ठ विद्यार्थी के बारे में निर्णय करना

(2) बच्चों में सृजनशीलता का विकास करना

(3) बच्चों को पुनश्चक्रण, पुनःप्रयोग और रूपांतरण को समझने देना

(4) कूड़े से बनी श्रेष्ठ वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित करना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Scanned by CamScanner

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**88.** Read the following questions :

A. How well did I plan for the activity?

B. How well did I follow the plan?

C. What were my strengths?

D. What exactly did I find difficult?

Answers to the above four types of questions will comprise :

(1) summative assessment by the teacher

(2) children's self-assessment

(3) teachers' self-assessment

(4) self-assessment of children and teachers both

**89.** The language used in an EVS textbook :

(1) should be technical and formal

(2) should be related to everyday language of the child

(3) should be terse and difficult for children to comprehend

(4) should be formalized with emphasis on definitions

**90.** A teacher gives pictures of different animals to his students and asks them to colour the animals that do not live in their houses. The objective of this activity is to develop :

A. creativity

B. observation

C. classification skill

D. data collection

Which of the above are **correct**?

(1) A, C and D

(2) A, B and C

(3) A, B and D

(4) B, C and D

**88.** निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए :

A. मैंने क्रियाकलाप की योजना कितनी अच्छी बनाई?

B. मैंने योजना का अनुसरण कितना अच्छा किया?

C. मेरी शक्तियाँ क्या थीं?

D. मुझे सचमुच कठिन क्या लगा?

ऊपर दिए गए चार प्रकार के प्रश्नों के उत्तरों से होगा :

(1) शिक्षक द्वारा समग्र आकलन

(2) बच्चों का स्व-आकलन

(3) शिक्षकों का स्व-आकलन

(4) बच्चों और शिक्षकों, दोनों का स्व-आकलन

**89.** पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में प्रयुक्त भाषा :

(1) तकनीकी और औपचारिक होनी चाहिए

(2) बच्चे की दिन-प्रतिदिन की भाषा से संबद्ध होनी चाहिए

(3) रूखी और बच्चों के द्वारा समझने में कठिन होनी चाहिए

(4) परिभाषाओं पर बल देते हुए औपचारिक बनाई जानी चाहिए

**90.** एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों को विभिन्न पशुओं के चित्र देता है और उन पशुओं पर रंग भरने को कहता है जो हमारे घरों में नहीं रहते। इस क्रियाकलाप का उद्देश्य है :

A. सृजनात्मकता का विकास करना

B. अवलोकन का विकास करना

C. वर्गीकरण कौशल का विकास करना

D. डाटा संग्रह का विकास करना

उपर्युक्त में से कौन-से **सही** हैं?

(1) A, C और D

(2) A, B और C

(3) A, B और D

(4) B, C और D



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET
Scanned by CamScanner